मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल—462004

क्रमांक एम-19—116/1995/1/4 भोपाल, दिनांक 23 सितम्बर, 1995

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल म. प्र. ग्वालियर,
समस्त संभागयुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश

विषय :—शासकीय भवनों में तस्वीरें लगाने के संबंध में निर्देश

संदर्भ :— सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक
(1) 2541/1771/1/4/77, दिनांक 26 मई, 1977
(2) 3144/1(4)/80, दिनांक 2 अगस्त, 1980
(3) एम-19-77/5/1(4), दिनांक 1 जून 1985
(4) एम-19-52/1990/1(4) दिनांक 22 जून, 1990
(5) एम. 19-204/1994/1(4), दिनांक 2 मई, 1995.

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित ज्ञापनों द्वारा शासकीय कार्यालयों/भवनों में तस्वीरें लगाए जाने के निर्देश समय-समय पर प्रसारित किये गये हैं. राज्य शासन द्वारा उपर्युक्त ज्ञापनों को अधिक्रमिक करते हुए निर्णय लिया गया है कि शासकीय कार्यालयों/भवनों में राष्ट्रपति नेताओं यथा- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, वर्तमान राष्ट्रपति, वर्तमान प्रधानमंत्री, स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, श्रीमती इंदिरा गांधी, स्व. श्री राजीव गांधी एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र लगाएं जायें. यह आवश्यक नहीं है कि उपरोक्त सभी राष्ट्रीय नेताओं की तस्वीरें कार्यालयों में लगाई जाएं. कार्यालय प्रमुख अपने विवेक का उपयोग करते हुए, भवन का आकार, उपलब्ध धनराशि और मितव्ययता का ध्यान रखते हुए उपरोक्त राष्ट्रीय नेताओं में से किन्हीं की तस्वीर लगा सकते हैं किन्तु राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का चित्र अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा.

2. उपर्युक्त तस्वीरें डायरेक्टर, फोटो डिवीजन, सूचना एवं प्रकाशन मंत्रालय, आकाशवाणी भवन, नई दिल्ली से प्राप्त की जा सकती हैं.

3. उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए.

हस्ता./-

(सीमा शर्मा)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.